

## एक नजर में

### सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता



**खण्डवा।** श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा में भारतीय ज्ञान परंम्परा प्रकोष्ठ के द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। क्विज प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित प्रश्नों की प्रश्नावली प्राध्यापकों द्वारा तैयार की गई। प्रश्नावली के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा किए गए कार्यों, उनकी शासन प्रणाली, न्याय प्रणाली एवं सामाजिक योगदान से जुड़े हुए विभिन्न प्रश्नों को शामिल किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की, जिसमें प्रथम स्थान विद्यार्थी हरिओम कामठे बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान निधि केशनियां एम.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान दुर्गा डांगरे बीएससी फर्स्ट ईयर ने प्राप्त किया।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया



**खंडवा।** का 47वां स्थापना दिवस जिले भर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। संगठनात्मक जिलों के सभी मंडलों, ग्राम केंद्रों और जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय खंडवा स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के कमल ध्वज फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर जनसंघ के संस्थापक , एकात्म मानववाद के प्रणेता , पितृ पुरुष तथा के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। इसके बाद 'जनसंघ से भाजपा की यात्रा' विषय पर पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि 1952 में जनसंघ के रूप में शुरू हुई विचारधारा की यात्रा 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना के साथ नए चरण में पहुँची। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और सहयोग से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने पार्टी की पंचनिष्ठा और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

लोकतंत्र सेनानी संयोजक सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि जनसंघ के रूप में बोया गया पौधा आज भाजपा के विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुका है। कार्यक्रम में वरिष्ठ मीसाबंदी लोकतंत्र सेनानियों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया तथा सामूहिक वंदे मातरम् गान हुआ। इस अवसर पर विधायक , महापौर , जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मछली मार्केट आवंटन को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात



**खंडवा।** शहर में मछली मार्केट हटाए जाने के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर आज कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर मछली मार्केट के शीघ्र निर्माण की मांग की।

ज्ञात हो कि हाल ही में रेलवे द्वारा मछली मार्केट हटाए जाने के बाद मछली व्यापारी शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यवसाय करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा शहर की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

इसी विषय को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव भावरिया, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जैन, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष अनिल फूलमाली एवं शहर अध्यक्ष अश्विनी चौहान ने कलेक्टर महोदय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मछली मार्केट के लिए शीघ्र डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कर मार्केट निर्माण कार्य प्रारंभ कराने हेतु ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि व्यवस्थित मछली मार्केट बनने से न केवल मछुआरों एवं व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।

कलेक्टर महोदय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि आने वाले कुछ दिनों में ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मछली मार्केट निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी।कांग्रेस पदाधिकारियों ने कलेक्टर महोदय का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# एआई आधारित फोटो डाली तो खैर नहीं : कलेक्टर

## कलेक्टर ने सचिवों से खुद करवाई 'फोटो अपलोड' की रिहर्सल

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान-2.0 की सफलता और पारदर्शिता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। सोमवार को जनपद पंचायत खण्डवा के सभाकक्ष में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने दो टूक शब्दों में अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि जलग्रहण संरचनाओं के फोटो अपलोड करने में धोखाधड़ी या तकनीक का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी ने पोर्टल पर एआई आधारित या फर्जी फोटो अपलोड किए, तो संबंधित के विरुद्ध सीधे कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि पोर्टल पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जलग्रहण संरचना निर्माण के पूर्व की स्थिति और निर्माण पूर्ण होने के बाद की स्थिति, दोनों के फोटो अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि एक स्ट्रक्चर का फोटो दोबारा उपयोग न हो और सभी तस्वीरें वास्तविक स्थल की ही होनी चाहिए।

इस दौरान कलेक्टर की सक्रियता का आलम यह रहा कि उन्होंने केवल मौखिक निर्देश नहीं दिए, बल्कि मौके पर ही पंचायत सचिवों से जनपद कार्यालय के बाहर बनी 10 जलग्रहण संरचनाओं के फोटो प्रयोग के तौर पर अपने समक्ष अपलोड करवाकर उनकी कार्यक्षमता को परखा।

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा सहित विभिन्न जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जल संचय के लिए जिले में जो संरचनाएं निर्मित की गई हैं, उनका डेटा शत-प्रतिशत सटीक और वास्तविक हो, ताकि अभियान के वास्तविक प्रभाव का आकलन किया जा सके।

## खंडवा में मिली बलिया की नाबालिग काउंसलिंग के बाद माता-पिता को सौंपा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की 16 वर्षीय नाबालिग पारिवारिक विवाद के बाद घर छोड़कर मुंबई काम की तलाश में जा रही थी। पवन एक्सप्रेस से यात्रा के दौरान वह खंडवा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध स्थिति में मिली। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सतर्कता दिखाते हुए उसे सुरक्षित संरक्षण में लेकर बाल संरक्षण तंत्र तक पहुंचाया।

प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि पारिवारिक विवाद के कारण नाबालिग बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। उसके पिता फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने और घरेलू विवाद के कारण वह काम की तलाश में मुंबई जाने के लिए निकल पड़ी थी।

मामले की जानकारी मिलने पर नाबालिग को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति की न्यायपीठ द्वारा नाबालिग की काउंसलिंग की गई, जिसमें उसे परिवार के महत्व और सुरक्षित भविष्य के बारे में समझाया गया। काउंसलिंग के बाद नाबालिग ने घर लौटने की सहमति जताई। इसके बाद समिति ने उसके परिजनों को सूचना देकर खंडवा बुलाया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नाबालिग को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में बाल कल्याण समिति इस प्रकार के मामलों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उनकी संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता के चलते अब तक कई बच्चों को सुरक्षित संरक्षण देकर उनके परिवारों से मिलाया जा चुका है।

इस प्रकरण में समिति सदस्य मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, स्वप्निल जैन और कविता पटेल का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समिति की तत्परता से नाबालिग सुरक्षित अपने परिवार तक पहुंच सकी।

## उपार्जन तैयारियों से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक, कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं को लेकर अहम निर्देश दिए। उन्होंने खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती बरतते हुए ऐसे किसानों पर अर्थदंड लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा कलेक्टर ने गेहूं और चना उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छांव, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी निर्देश दिए गए।

ओंकारेश्वर में दीपदान के लिए प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर रोक लगाकर आटे के दीपक, कपड़े के थैले और पेपर बैग को बढ़ावा देने की बात कही गई, जिससे स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार भी मिल सके। जल संरक्षण के तहत कलेक्टर ने जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को जल स्रोतों के आसपास सोख्ता गड्ढे और अन्य जलग्रहण संरचनाएं बनाने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और जल स्रोतों का जलस्तर बना रहे। इसके अलावा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से 'बैंक सखी' के रूप में प्रशिक्षण दिलाने, संबल योजना के पंजीबद्ध श्रमिकों की ई-केवाईसी अप्रैल माह में पूर्ण कराने तथा छात्रावासों के नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दूरस्थ क्षेत्रों में की जा रही टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

नोडल अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ ने बताया कि खालवा विकासखण्ड में विशेष रूप से शिविर आयोजित कर हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से इस रोग के सम्भावित मरीजों की स्क्रीनिंग कर चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में एक्सरे की सुविधा से संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान आसान हुई है। डॉ. राठौड़ ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 'निक्षय मित्र' बनकर समाज को टीबी मुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



## बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है शतरंज : डॉ. गौड़ा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शतरंज केवल एक खेल मात्र नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के बौद्धिक विकास का एक अत्यंत सशक्त माध्यम है। इस खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है और एकाग्रता बढ़ती है।

यह बात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने कहा कि रविवार को शर्मा चेस एकेडमी खण्डवा द्वारा आयोजित एक दिवसीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि शतरंज खिलाड़ी को विपरीत और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने की शक्ति प्रदान करता है।




शर्मा चेस एकेडमी की प्रशंसा की और कहा कि डेढ़ वर्ष के अल्प समय में 17 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना जिले के लिएबड़ी उपलब्धि है। समारोह में डॉ. गौड़ा ने प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता एवं अन्य उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के तकनीकी पक्षों की जानकारी देते हुए आयोजन सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि इस स्पर्धा में खण्डवा के अतिरिक्त बुरहानपुर, हरदा और नर्मदापुरम जिलों से कुल 66 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें 16 अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ियों की मौजूदगी ने स्पर्धा को और भी रोमांचक बना दिया। जूनियर वर्ग के कड़े मुकाबलों में रेयांश श्रीमाली ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। इसी वर्ग में एकांश श्रीमाली द्वितीय, आयुष मालाकार तृतीय, अलौकिक राय चतुर्थ और आरव खनूजा पांचवें स्थान पर रहे। दूसरी ओर, ओपन वर्ग के मुकाबलों में बुरहानपुर के सागर पाहुजा ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग की सूची में अक्षय सिंह तोमर दूसरे, सुनील जैन तीसरे, बुरहानपुर के जय बजाज चौथे और मनीष अग्रवाल पांचवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने क्षेत्र में शतरंज के प्रति बढ़ते रुझान को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है।

## मूंदी में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण

**खंडवा।** मूंदी में सोमवार को नवनिर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल ने किया।

करीब 8 करोड़ की लागत से निर्मित तहसील भवन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नए तहसील भवन के निर्मित होने से क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों की सुविधा के लिए नए निर्माण कार्य स्वीकृत कर रही है। विधायक पटेल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूंदी में तहसील भवन का निर्माण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के अलावा अपर कलेक्टर के. आर. बडोले, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## सरोज जैन अध्यक्ष, अंजलि छाबड़ा सचिव बनीं

### इनरव्हील क्लब खंडवा की नई कार्यकारिणी का गठन

**खंडवा।** खंडवा जिले में वर्षों से इनरव्हील क्लब सामाजिक सेवा के कार्यों के साथ राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में भी अपने महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्रतिवर्ष क्लब का नया गठन किया जाता है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि क्लब अध्यक्ष श्वेता गोयल की अध्यक्षता में 2026 -27 की गठित कार्यकारिणी में सरोज जैन ने दूसरी बार अध्यक्ष पद ग्रहण किया। उनके साथ अंजलि छाबड़ा सचिव, बिंदु सिसोदिया कोषाध्यक्ष, अंजू जैन आइ. एस.ओ. व बीना शाह एडिटर नियुक्त हुई। पद ग्रहण करते हुए सरोज जैन ने कहा कि हमारे क्लब का उपदेश सामाजिक सेवा को बढ़ावा देना है, वे सदस्यों में मित्रता व सामंजस्य बढ़ाने, उनकी प्रतिभा व व्यक्तित्व निखारने एवं समाज सेवा हेतु कुछ ठोस कार्य करने का प्रयास करेंगी।

## किसानों के समर्थन में 9 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 अप्रैल को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है।

खंडवा में इस प्रदर्शन की तैयारी को लेकर सोमवार को गांधी भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्केतमपाल सिंह नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे जिले के किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता टैगोर पार्क, सिविल लाइंस में एकत्रित होंगे। इसके बाद वहां से रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।




जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। हाल ही में जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद यह पहली बैठक थी, जिसमें सभी पदाधिकारियों का परिचय भी कराया गया। साथ ही पंचायत और वार्ड स्तर पर कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर भी निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर होने वाला यह प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर किसानों को आंदोलन से जोड़ने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह राठौर ने किया।

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने खून से उच्च शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र



नवभारत न्यूज

**हरसूद।** स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरसूद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक अनोखा और कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए अपने खून से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखा। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने दोषियों पर तत्काल और उचित कार्रवाई की मांग की है।

**8 माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई :** नगर मंत्री पवन गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय में भ्रष्टाचार के विरुद्ध करीब 8 माह पहले भी बड़ा आंदोलन किया गया था। उस समय प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन विडंबना यह है कि इतने लंबे समय बाद भी अब तक किसी भी दोषी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इसी निष्क्रियता से नाराज होकर छात्र शक्ति को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी :

छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक शुरुआत है। यदि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो अभाविप पूरे प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### ये कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस दौरान अभाविप प्रांत एसएफएस सह-संयोजक लालू यादव, आशीष मणिक, कृष्णा राजपूत, रोहित, युवराज कोगे, रेणुका अंकिल, रोशनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।